nt>

Title: Alleged irregularities in printing of tickets relating to India Trade Promotion Organsiation, Delhi.

श्री ब्रजेश पाठक : अध्यक्ष महोदय, अभी दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर हुआ था। उस ट्रेड फेयर में वहां के आयोजकों ने बड़ी संख्या में टिकटों में घोटाला किया है। यदि टिकट एक करोड़ की संख्या में छपवाये गये तो कागजों पर उन्हें पचास लाख टिकट दिखाया गया। इस तरह से करोड़ों रुपये का घोटाला सरकार की नाक के नीचे दिल्ली में हुआ। हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करते हैं कि टिकटों के इस घोटाले में शामिल दोाी अधिकारियों को दंडित किया जाए। जिन्होंने दिल्ली में बैठकर भारत सरकार की नाक के नीचे ट्रेड प्रोमोशन के नाम पर हिंदुस्तान की जनता का शोाण करने का काम किया। उन लोगों ने पचास लाख टिकट कागजों पर दिखाये और एक करोड़ से डेढ़ करोड़ की संख्या में टिकट छपवाये। इस तरह से चार सौ रुपये या तीन सौ रुपये में टिकट बेचे गये। हमारी मांग है कि घोटाले में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा उन्हें सस्पैंड किया जाए। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: I hope the hon. Ministers have heard it.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Shri Hemlal Murmu.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Every hon. Member should be alert and quiet.

...(*Interruptions*)